10 korba-Bhoomi pg1_Layout 1 1/10/2024 11:55 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 11 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 किसान और राइस मिलर के बीच परेशान हो रहे फड़ प्रभारी



## खबर संक्षेप

### पूर्व प्रधानमंत्री की कांग्रेस कार्यालय में मनेगी जयंती

**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि 11 जनवरी को जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर कोरबा में प्रातः 11 बजे मनाया जावेगा। उक्त जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष राठौर, राजेन्द्र तिवारी, दुष्यंत शर्मा एवं सनीष कुमार ने जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों सहित युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, सेवादल, पार्षदगण, पार्षद प्रत्याशी, जोन वार्ड एवं बुथ कमेटी एवं कांग्रेस मोर्चा संगठन व अन्य सभी प्रकोष्ठ तथा विभागों के पदाधिकारियों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर आज

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आमजन निरंतर लाभान्वित हो रहे हैं। विगत माह से सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 11 जनवरी को करतला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम जोगीपाली, सण्डैल, पुरेना (खरहरी) में 10 बजे से तथा ढनढनी, भैंसामुड़ा व रोगदा (नवलपुर,बंजारी) में 2 बजे से, कोरबा जनपद के ग्राम गोढ़ी में 10 बजे से, करूमौहा, आंछीमार में 2 बजे से, विकासखंड कटघोरा के ग्राम सलोरा ख में 11 बजे से और ग्राम पाली में 2 बजे से, पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम हरदेवा/बर्रा में 10 बजे से, सासिन/बेतलो में दोपहर 2 बजे से, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम तरदा, भादा, बैगापाली में 10 बजे से कथरीमाल में 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया जाएगा।

### संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में शिविर का आयोजन 22 तक

**कोरबा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 6 से 22 जनवरी तक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जिले में संचालित है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 11 जनवरी को कमला नेहरू महाविद्यालय, 12 जनवरी को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय, 15 जनवरी को माडर्न कॉलेज, 17 जनवरी को कोरबा कम्प्यूटर कालेज, 18 जनवरी को मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय और 19 जनवरी को अग्रसेन महाविद्यालय कोरबा में शिविर आयोजित होगी।

### पिछड़ी जनजातियों की सुविधा के लिए लगा शिविर

**कोरबा।** ग्राम पंचायत केराकछार के आश्रित ग्राम बगधरीडांड तथा जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत कोनकोना, ग्राम धौरामुड़ा, समेलीभाठा में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों को आवश्यक सुविधाएं देने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास, व्यक्तिगत शौचालय, वन अधिकार पट्टा, उज्वला गैस, वोटर आईडी कार्ड, बैंक खाता, पेंशन हेतु आवेदन लिए गये। इस अवसर पर जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों वर्ग के परिवारों के लिए श्रम कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### लाभान्वित हितग्राही अनुभव कर रहे साझा

**कोरबा।** केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को गुमिया में आयोजित शिविर में आज मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम योजना से लाभांवित हुई श्रीमती छाया यादव ने बताया कि योजना से जुड़कर उनके जीवन स्तर में काफी बदलाव आया है। वह आत्मनिर्भर बनी है एवं अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में बढ़ाने में अपना योगदान निभा रही है।

# ठंड में भी पड़ोसी जिले में ओवरलोड, वनांचल क्षेत्र में पावरकट, ग्रामीण हैं हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

गर्मी के दिनों में पावरकट की समस्या तो आम बात है लेकिन जब कड़कड़ाती ठंड हो और ऐसे में पावरकट की समस्या हो तो ऐसे में फिर क्या कहेंगे। पड़ोसी जिले में ओवरलोड की स्थिति निर्मित हो रही है जिसके चलते जिले के वनांचल क्षेत्र के गांव में कुछ हालात ऐसे ही हैं। पिछले 4 से 5 दिनों के दौरान दिन के ज्यादा वक्त पावरकट की समस्या आम बात हो गई है। विभाग के अधिकारियों को जानकारी तो है लेकिन इसके बाद भी व्यवस्था दुरुस्त होने की दिशा पर कोई पहल नहीं की जा रही है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र कुदमुरा, तौलीपाली, जिलगा, बरपाली, बासीन, तराईमार, कछार, सोलवा, फुलसरी सहित आसपास के आधा दर्जन गांवों को पड़ोसी जिले रायगढ़ के हाटी सब स्टेशन से पावर सप्लाई होती है। पिछले 3-4 दिनों से इस क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में सुबह के समय ज्यादातर समय पावरकट की समस्या बनी रहती है जो सीधे शाम को ही बहाल हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विद्युत विभाग के स्थानीय अफसरों से कर्मचारियों से की है लेकिन अधिकारी विद्युत व्यवस्था को सुधारने की दिशा पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ठंड में जब ऐसा हाल है तो आप सहज अंदाजा लगा सकते हैं कि गर्मी जब दस्तक देगी तो वनांचल क्षेत्र का क्या हाल होगा। इस इलाके में हाटी से बिजली आपूर्ति होती है और गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा बिजली की समस्या बनी रहती है। स्थानीय ग्रामीण लंबे समय से जिले से विद्युत आपूर्ति करने की मांग कर रहे हैं लेकिन उनकी समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। देखना होगा कि इस गर्मी में स्थानीय ग्रामीणों को बेहतर विद्युत व्यवस्था मिल पाती है कि नहीं।

## पड़ोसी जिला रायगढ़ के हाटी से होती है विद्युत आपूर्ति



### बंद हो रही है बिजली

हाटी सब स्टेशन से कुदमुरा व बरपाली सहित आसपास के गांव को विद्युत आपूर्ति की जाती है। पिछले दो दिनों से क्षेत्र में ओवरलोड की स्थिति निर्मित हो रही है जिसके चलते पॉवरकट हो रहा है। जल्द ही इस इलाके को कोरबा क्षेत्र से जोड़ा जाएगा इसके लिए काम अंतिम चरणों पर है।

**-बी बी नेताम,** डीई, ग्रामीण कोरबा

## ग्रामीण अंचलों में नल जल योजना के काम ठप पड़े

# नल जल योजना के अधूरे काम नहीं शामिल हो रहे जल जीवन मिशन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर घर पानी पहुंचाने के काम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर जारी है लेकिन इस योजना में पूर्व में चल रही नल जल योजना के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए इस योजना में समायोजन नहीं किया जा रहा है। एक योजना राज्य सरकार की है तो वहीं दूसरी योजना केंद्र सरकार की है। जिसकीक वजह से कार्य अधूरे पड़े हुए हैं।

**खास बात**

- जिले में दो योजनाओं से चल रहा पीएचई का पाईप लाइन बिछाने का काम

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने नल जल योजना जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पेयजल की सुविधा हेतु युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। जल जीवन मिशन के पूर्व विभाग नल जल योजना के तहत ही पेयजल समस्या का समाधान करता था और पानी टंकी का निर्माण कर पाइप लाइन बिछाकर टेप नल कनेक्शन दिए जाते थे लेकिन दो वर्ष पूर्व केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना आई तो सभी तरह के पेय जल सुविधा के कार्य जल जीवन मिशन के तहत ही किए जाने लगे। इस दौरान नल जल योजना के तहत भी ठेके दारों के द्वारा टंकी निर्माण और पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा था। जल जीवन मिशन आने के बाद उक्त योजना का कार्य कम हो गए और जो कार्य चल रहे हैं वह भी किन्हीं कारणों से रुके पड़े हुए हैं। जिनके शुरु करने को लेकर न तो ठेकेदार गंभीर है और न ही पीएचई के विभाग के अधिकारी इस दिशा पर कोई संज्ञान ले रहे हैं। वर्तमान में जिले के सभी ब्लॉकों के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में जल जीवन मिशन से ही कार्य किया जा रहा है। 3 करोड़ से अधिक की लागत वाली योजना के तहत विभाग ने ठेकेदारों से कार्य कराने के साथ साथ इसका विभागीय स्तर पर भौतिक सत्यापन कर रही है। वहीं केंद्र सरकार ने एक निजी एजेंसी को भौतिक सत्यापन का काम सौंपा है। जल जीवन मिशन के काम जिस तेजी से चल रहे हैं उसके तुलना में नल जल योजना लगभग बंद होने की स्थिति में आ गई है। योजना से चल रहे कार्य भी अधूरे पड़े हुए हैं। जिनके समय में पूरा होने पर सवाल भी खड़े हो रहे हैं।



जल जीवन मिशन में किया गया अधूरा काम।

### ठेकेदार को नोटिस दी गई है

पठियापाली ग्राम पंचायत में नल जल योजना के तहत टंकी का निर्माण और पाइप लाइन बिछाने का काम नल जल योजना के तहत चल रहा है। काम रुकने की सूचना उन्हें मिली है, इसके संबंध में उन्होंने ठेकेदार को नोटिस जारी कर काम शुरु करने के निर्देश दिए हैं।

**-सत्यनारायण कंवर,** सब इंजीनियर

### पठियापाली में अधूरा पड़ा टंकी निर्माण का काम



मड़वारानी क्षेत्र से लगे ग्राम पंचायत पठियापाली के धमनीगुढ़ी गांव में नल जल योजना अंतर्गत पीएचई विभाग ने टंकी निर्माण और पाइप लाइन बिछाने का काम शुरु किया था। दो वर्ष ठेकेदार के पूर्व कार्य प्रारंभ किया गया। शुरुआती दौर पर यह कार्य तो तेजी से चले लेकिन उसके बाद स्थिति डगमगाने लगी और आज स्थिति यह है कि न तो पाइप लाइन का काम पूरा हो सका और न ही टंकी का निर्माण पूरा हो पाया। ग्राम पंचायत के सरपंच का कहना है कि पीएचई विभाग ने नल जल योजना के तहत उक्त कार्य का शुभारंभ किया था लेकिन अब तक न तो टंकी बनी है और न ही घर घर कनेक्शन दिए गए हैं। इसके संबंध में यह भी जानकारी सामने आई है कि नल जल योजना के तहत जिन जिन घरों में कनेक्शन दिए गए हैं उन घरों को छोड़कर शेष घरों में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल कनेक्शन दिए जाएंगे। यह जानकारी सामने आने के बाद ही ग्रामीणों में भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उनकी मानें तो दो दो योजनाएं चल रही है और उन्हें पानी किस योजना से चलेगा यह अब तक तय नहीं हो पाया है। वहीं ग्रामीणों को नल जल योजना से दो वर्ष से पानी नहीं मिल रहा है। गर्मी के समय क्षेत्र के ग्रामीणों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो जाता है। इसके संबंध में पंचायत के प्रतिनिधियों ने विभाग को अवगत भी करा दिए हैं बावजूद इसके टंकी निर्माण का कार्य शुरु नहीं हो सका है।

# जंगल के बीच थमे संजीवनी के पहिए मरीज की जान फंसी सांसत में




फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपनी सेवाओं के चलते एक समय 108 संजवनी एक्सप्रेस का डंका पूरे प्रदेश में बजता था। आपातकालीन मामलों में संजीवनी 108 हमेशा हाजिर रहता था लेकिन आज के वक्त में इस सेवा की हालत काफी खराब हो गई है। मरम्मत के अभाव में संजीवनी एक्सप्रेस के एंबुलेंस कहीं भी खराब हो जाती है।

**खास बात**

- वैकल्पिक व्यवस्था के जरिए भेजा गया अस्पताल

जिला मुख्यालय से लगभग 45 किमी दूर गढ़-उपरोड़ा में ग्राम नकिया से एक मरीज को लेकर आ रहा एंबुलेंस खराब हो गया। वैल्पिक व्यवस्था के तौर पर दूसरे एंबुलेंस के माध्यम से मरीज को अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन जंगल के बीच एंबुलेंस का खराब होना कई सवालों को जन्म दे रहा है। मरीजों को संजीवनी देने का काम करने वाला संजीवनी एक्सप्रेस को आज खुद संजीवनी की जरुरत है। मरम्मत के अभाव में आपातकालीन सेवाओं में लगे 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस की दशा समय के साथ खराब होती चली जा रही है। हालात कितने गंभीर हो गए हैं इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एंबुलेंस जहां तहां खराब हो जाती है जिससे मरीजों की जान सांसत में फंस जाती है। ऐसा ही कुछ एक बार फिर से देखने को मिला है जहां ग्राम नकिया से मरीज को लेकर सरकारी अस्पताल जा रही संजीवनी एक्सप्रेस की एंबुलेंस ने गढ़-उपरोड़ा में घने जंगल के बीच दम तोड़ दिया। एंबुलेंस रास्ते में ही रुक गया जिससे एक समय मरीज की जान सांसत में फंस गई। जैसे-तैसे दूसरे एंबुलेंस को मौके पर बुलाया गया जिसके बाद मरीज को अस्पताल रवाना करवाया गया। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब 108 संजीवनी एक्सप्रेस ने बीच रास्ते में दम तोड़ा हो। ऐसा कई मर्तबा हो गया है जिससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति के लिए कहीं न कहीं संचालक एजेंसी की लापरवाही जिम्मेदार है जो वाहनों के रखरखाव के लिए गंभीर नहीं है जिससे मरीजों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है।

# युवती को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण बाद में मुकर गया शादी से, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवती को शादी का झांसा देकर पिछले कई महीनो से युवक उसके साथ दैहिक शोषण करते आ रहा था जब युवती गर्भवती हो गई तो उसने शादी से इनकार कर दिया। युवती ने इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है जिस पर पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ धारा 376 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- पिछले 6 महीने से था दोनों में संबंध



आरोपी

मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम करमंदी की है। यहां निवासरत संत कुमार पटेल 31 वर्ष पिता अवधराम पटेल ने कुछ माह पूर्व शहर के मॉल में काम करने वाली एक युवती को अपने प्यार के जाल में फांस लिया था और शादी करने का झांसा देकर पिछले कई महीनो से अपने फार्महाउस में उसका दैहिक शोषण करते आ रहा था। जब युवती गर्भवती हो गई तो उसने युवक से शादी के लिए कहा तो संत कुमार पटेल ने शादी करने से इनकार कर दिया। युवती ने इस मामले की शिकायत उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी से की। महिला संबंधी अपराध सामने आने पर थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने मामले में तत्काल एक्शन लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे चंद घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

# राख परिवहन में लगे वाहनों को गाइडलाइन का करना होगा पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी ने फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्ट करने वाले ट्रांसपोर्टरों को फटकार लगाते हुए गाड़ियों में वर्क ऑर्डर लगाने का निर्देश दिया है। जिले के सभी ट्रांसपोर्टरो की बैठक लेकर कहा कि राख परिवहन करने वाले वाहनों में पूरे गाइडलाइन का पालन करने निर्देश दिया है। क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी के फटकार बाद ट्रांसपोर्टरों में हड़कंप मच गया है।

**खास बातें**

- वाहनों में लगाने होंगे वर्क आर्डर की कापी
- राख परिवहन पर पर्यावरण अधिकारी ने दिए कड़े निर्देश, ट्रांसपोर्टरों में मचा हड़कंप

राखड़ परिवहन का ठेका लेने वाले ट्रांसपोर्टरों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ऐसे वाहनों में अब राखड़ परिवहन का वर्क ऑर्डर चिपकाना होगा। वर्क ऑर्डर में स्वीकृत स्थल पर ही राखड़ डंप करने के निर्देश भी दिए गए हैं और गाइड लाइन की अनदेखी भारी भी पड़ सकती है। एक बैठक में शासन की गाइड लाइन से अवगत कराते हुए क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी शैलेश पिस्दा ने उनका अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने कहा गया है। शहर और उपनगरीय क्षेत्र समेत इन दिनों जिले भर में खुले स्थानों पर राखड़ डंप करने की शिकायतें ⏭ शेष पेज 3 पर

### राखड़ लोड गाड़ियों पर हुई कार्यवाही



कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा टीएल बैठक में दिए गए निर्देश के बाद एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा और आरटीओ शशिकांत कुर्रे, पुलिस की टीम द्वारा 12 राखड़ लोड गाड़ियों पर विभिन्न धाराओं (तिरपाल, रिफलेक्टर, नो पार्किंग) में चालानी कार्यवाही से 18 हजार की वसूल की गई। आज से राजस्व, आरटीओ, पुलिस की जॉइंट टीम जाँच का दायरा बढाते हुए कार्यवाही करेगी। राखड़ परिवहन में लगे वाहनों द्वारा एग्रीमेंट के विपरीत परिवहन पर कार्यवाही की जाएगी।

## नशेड़ियों के खिलाफ पुलिस एक्शन में

# डॉक्टर की पर्ची के बिना दी दवाई तो खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस जल्द ही मुहीम छेड़ने वाली है इससे पहले पुलिस के अफसरों ने मेडिकल संचालकों की मैराथन बैठक ली है और उन्हें साफ चेतावनी जारी कर दी गई है कि मरीजों को डॉक्टर की पर्ची के बिना दवाई दी गई तो मेडिकल संचालकों की खैर नहीं है।

पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा के द्वारा राज्य में किसी भी प्रकार के अवैध नशा पर प्रभावी कार्यवाही के अभियान चलाकर अवैध शराब, गांजा एवं अवैध नशीली पदार्थ के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोरबा के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिले के दवाई दुकान के संचालक एवं फ़ार्मासिस्ट का मीटिंग लिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा संचालकों से अपील की गई कि ऐसी दवाई जो नशा के लिए उपयोग में लाई जाती है उन दवाओं को बग़ैर डाक्टर पर्ची के लोंगो को न बेची जाये। साथ ही ऐसे लोग जो इन दवाओं को ज़्यादा ख़रीदते हो उनके बारे में पुलिस को सूचना देवें, ताकि उन लोगों के बारे पता किया जा सके कि कहीं इन दवा का ग़लत उपयोग तो नहीं हो रहा है। नार्कोटिक्स श्रेणी की दवाईयां जैसे नाइट्राजेपम, अल्प्राजोलेम, स्पास्मो, प्रॉक्सीवोन, नाइट्रोवेट, कोरेक्स एवं अन्य इंजेक्शन, सिरप टेबलेट को खाने से नींद या नशा जैसा लगता है उन दवाइयों का गलत उपयोग ना हो उसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। फार्मासिस्ट और दवाई दुकान संचालकों द्वारा इसमें बताया गया कि सभी प्रकार के दवाई बिक्री का रिकॉर्ड उनके पास होता है। साथ ही पुलिस की इस अवैध नशा के खिलाफ मुहिम में पूरा सहयोग करने के लिए सहमति जताई।



मेडिकल संचालकों की बैठक लेते पुलिस के अफसर।

# युवक ने लगाई फांसी मौत, विवेचना शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक ने घर पर म्यार में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई और इसकी पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उरगा थाना क्षेत्र के खैरभाठा गांव का है। जहां 26 वर्षीय नरेश कर्ष ने यह खौफनाक कदम उठा लिया। नरेश एक भाई और तीन बहनों में सबसे बड़ा था और अपनी बूढ़ी मां का इकलौता सहारा था। जांजगीर चांपा जिले में अपनी मौसी के घर रहकर निजी कम्पनी में काम करता था। दो दिन पहले ही कोरबा आया था। मृतक के भाई रोशन ने बताया जब से मौसी के घर से आया था तब से वो उदास और चुपचाप था। पूछने पर कोई जवाब नहीं देता था। मंगलवार की दोपहर वो घर पर अकेला था। इसी दौरान नरेश ने म्यार पर फांसी के फंदे पर लटककर अपनी जान दे दी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया है।

**खास बात**

- जांजगीर-चांपा जिले का रहने वाला है युवक, मौसी के घर आया हुआ था

10 Jan-Jash Bhoomi pg 2_Layout 1 1/11/2024 12:05 AM Page 1



# शेयर खरीदने के बाद रहें बेफिक्र
# भाव गिरे तब भी फायदे में रहोगे

*हर सौदे में नुकसान से बचने के लिए हेजिंग करना जरूरी ● स्टॉक मार्केट में हेजिंग का मतलब रिस्क मैनेजमेंट स्ट्रेटेजी ● यह आपको बड़े नुकसान से बचाने में हर हाल में सक्षम ● शेयरों में पैसा लगाना बाजार जोखिमों के अधीन होता है ● फ्यूचर एंड ऑप्शन में कॉल और पुट की एक्सपायरी भी ● इसकी अवधि एक माह तक हो सकती है ● आप हर माह अपनी कैश पॉजिशन को नुकसान से बचा सकते हैं*

बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में पैसा लगाते वक्त एक डर हमेशा निवेशकों के मन में रहता है कि कहीं स्टॉक गिर तो नहीं जाएगा। यह चिंता बड़े निवेशकों को बहुत रहती है, क्योंकि जो व्यक्ति बाजार में 10 लाख, 1 करोड़ या उससे ज्यादा पैसा लगाता है तो शेयरों में गिरावट होने का डर लाजिमी है, लेकिन, शेयरों में करोड़ों रुपये लगाने वाले इन्वेस्टर्स नुकसान से बचने के लिए बीमा भी करा लेते हैं। आप सोचेंगे कि शेयर खरीदने पर कौन-सा इंश्योरेंस होता है हमने तो आज तक नहीं सुना। आपने नहीं सुना इसका यह मतलब नहीं है कि ऐसा नहीं होता है। चूंकि शेयरों में पैसा लगाना बाजार जोखिमों के अधीन है और जहां रिस्क है वहां खुद को सिक्योर करना बहुत जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शेयर बाजार में फ्यूचर एंड ऑप्शन के कॉन्सेप्ट को लाया गया है, जिन्हें हेजिंग टूल कहा जाता है। इस रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएं कि कि एफ एंड ओ यानि फ्यूचर एंड ऑप्शन क्या है। इसके क्या लाभ हैं। यह कैसे शेयर का भाव गिरने पर भी नुकसान नहीं होन देता।



### क्या होती है हेजिंग

बाजार के जानकारों का कहना है कि स्टॉक मार्केट में हेजिंग का मतलब रिस्क मैनेजमेंट स्ट्रेटेजी यानी जोखिम प्रबंधन रणनीति है। इसका इस्तेमाल निवेशकों द्वारा शेयरों की कीमत में होने वाले से संभावित नुकसान को कम करने के लिए किया जाता है। हेजिंग की सुविधा शेयर, बॉन्ड, कमोडिटी और करेंसी सभी मार्केट में उपलब्ध है। इसे असानी से लिया जा सकता है। इसके कई प्रकार के लाभ होते हैं।

### जोखिम से बचाने वाला बीमा

मान लीजिये आपने बहुत रिसर्च करके कोई शेयर खरीदा और आप आश्वस्त हैं कि आने वाले दिनों में शेयर का भाव बढ़ेगा, लेकिन, बाजार में इसकी कोई गारंटी नहीं होती है। एक बुरी खबर से शेयर औंधे मुंह गिर जाते हैं। ऐसे में अपनी पॉजिशन को हेज करना बहुत जरूरी है। मान लीजिये आप कोई भी स्टॉक खरीदते हैं, जिसका भाव 130 रुपये है। अगर आपने 130 के भाव से 10,000 शेयर खरीदे यानी कुल 13 लाख रुपये का निवेश किया।

*जरा सोचिये, 13 लाख रुपये कितनी बड़ी रकम होती है और वह हम ऐसे बाजार में रखते हैं जहां रिस्क और रिवॉर्ड दोनों मिलते हैं। जिस तरह हम महंगी गाड़ी खरीदने पर इंश्योरेंस कराते हैं और कीमती जेवरों की सुरक्षा के लिए उन्हें लॉकर में रखते हैं, इन दोनों कामों के लिए हमें प्रीमियम या किराया देना होता है। ठीक उसी तरह फ्यूचर एंड ऑप्शन में प्रीमियम अदा करके अपनी 13 लाख रुपये की पॉजिशन को हेज कर सकते हैं।*

### आसानी के कर सकते हैं

फ्यूचर एंड ऑप्शन में पुट या कॉल ऑप्शन खरीद या बेचकर कैश मार्केट की पॉजिशन को आसानी से हेज किया जा सकता है। हालांकि, कॉल और पुट खरीदने में सिर्फ प्रीमियम देना होता है जो काफी कम होता है, जबकि सेल करने के लिए मार्जिन लगता है जो काफी ज्यादा होता है। इसलिए निवेशक कम पैसे में अपने निवेश किए गए रुपयों को आसानी से हेज कर सकते हैं और होने वाले नुकसान से बच सकते हैं।

### यह भी कर सकते हैं

निवेशकों ने जिस स्टॉक के लिए 130 के भाव पर 10,000 शेयर खरीदे हैं। अगर शेयर गिरा तो नुकसान से बचने के लिए आप इस स्टॉक के 130 रुपये की स्ट्राइक प्राइस का पुट ऑप्शन खरीद सकते हैं, जिसका भाव इस बाजार तक 4 रुपये तक चल रहा है और इसका लॉट साइज 10,000 है। आपको 40,000 रुपये का प्रीमियम देना होगा। यानी 13 लाख की कैश पॉजिशन में होने वाले नुकसान से बचने के लिए आपने 40,000 में पुट ऑप्शन खरीद लिया।

## ऐसे होता है प्रॉफिट

अब आप देखिये कैश पॉजिशन में 1 लाख का प्रॉफिट होता है और पुट ऑप्शन में 40,000 का नुकसान भी हो जाए तो भी आप 60,000 के मुनाफे में रहेंगे। वहीं, अगर शेयर का भाव गिरकर 120 रुपये आ जाता है तो पुट ऑप्शन का प्रीमियम बढ़ेगा। ऐसे में कैश पॉजिशन में आपको 1 लाख का नुकसान होगा। वहीं, पुट का प्रीमियम बढ़कर 4 रुपये से बढ़कर 14 रुपये पहुंच जाता है तो यहां आपको 1 लाख रुपये का प्रॉफिट होगा यानी कैश पॉजिशन में 1 लाख का नुकसान और पुट ऑप्शन में 1 लाख का प्रॉफिट होने पर 'नो लॉस नो प्रॉफिट' रहेगा। अगर पुट का प्रीमियम 14 से बढ़कर 16 रुपये हुआ तो उल्टा आप 20,000 के प्रॉफिट में रहेंगे।
हालांकि, फ्यूचर एंड ऑप्शन के जरिए हेजिंग करने के लिए शेयरों की चाल पर नजर रखना बहुत जरूरी है, जिस दिशा में शेयर बढ़े उसके हिसाब से पॉजिशन को काटना जरूरी है, ताकि ज्यादा से ज्यादा मुनाफा हासिल किया जा सके। बता दें कि फ्यूचर एंड ऑप्शन में कॉल और पुट की एक्सपायरी होती है, जिसकी अवधि एक माह होती है। आप हर माह अपनी कैश पॉजिशन को हेजिंग के जरिए नुकसान से बचा सकते हैं।



# सोना या शेयर 2024 में किस से चमकेगी आपकी किस्मत

*अक्सर देखने में आता है कि निवेशकों की निगाह हमेशा ऐसे विकल्पों को खोजती रहती है, जो उन्हें तगड़ा रिटर्न दिला सके। वर्ष 2023 को देखें तो सोना और सेंसेक्स दोनों ने ही जमकर रिटर्न दिया है। ऐसे में निवेशकों के लिए ये दोनो एसेट्स निवेश का बेहतर विकल्प बनकर उभरे हैं। वैसे भी कहा जाता है कि निवेशकों के लिए शेयर और सोना दोनों ही पोर्टफोलियो में रखना फायदेमंद होता है।*

बिजनेस डेस्क

साल 2023 निवेशकों के लिए काफी गोल्डन रहा है। शेयर बाजार हो या सोना, दोनों ने ही जमकर रिटर्न दिया। इससे सैकड़ों निवेशक मालामाल हुए हैं। सेंसेक्स ने जहां ऐतिहासिक आंकड़ों को छू लिया तो सोना भी पहली बार 60 हजार के पार पहुंचा। अब बाजार के जानकारों के अनुमान है कि वर्ष 2024 भी निवेशकों को जमकर मुनाफा देकर जाएगर। ऐसे में सवाल उठता है कि इस साल निवेशकों को किस एसेट्स पर ज्यादा दांव लगाना चाहिए, सोने पर या शेयरों में। इस बारे में एक्सपर्ट ने निवेशकों के लिए कई काम की जानकारियां दी हैंए जिससे सारी कंफ्यूजन दूर हो गई। वर्ष 2023 को देखें तो सोना और सेंसेक्स दोनों ने ही जमकर रिटर्न दिया है। ऐसे में निवेशकों के लिए ये दोनो एसेट्स निवेश का बेहतर विकल्प बनकर उभरे हैं। वैसे भी कहा जाता है कि निवेशकों के लिए शेयर और सोना दोनों ही पोर्टफोलियो में रखना फायदेमंद होता है।

### बाजार ने पिछले साल 16 फीसदी रिटर्न दिया

अगर हम 2023 पर नजर डालें तो शेयर बाजार में करीब 10,000 अंकों का उछाल दिखा है। इसका मतलब है कि बाजार ने अपने निवेशकों को करीब 16 फीसदी का रिटर्न दिया है। इसी तरह, अगर गोल्ड पर नजर दौड़ाई जाए तो 2023 में इस विकल्प में पैसे लगाने वाले को करीब 15 फीसदी का जबरदस्त रिटर्न मिला है। ऐसे में हम 2024 को लेकर एक्सपर्ट से शेयर बाजार और सोना दोनों का ही ग्रोथ प्रोजेक्शन लेकर आए हैं, जिससे निवेशकों को यह जानने में आसानी होगी कि वे अपना पैस किस विकल्प में लगाएं।

### शेयर बाजार फिर देगा तगड़ा रिटर्न

इक्विटी और शेयर बाजार के जानकारों का कहना है कि साल 2024 में भी सेंसेक्स का प्रदर्शन जबरदस्त रहेगा। उन्होंने बताया कि 2024 की समाप्ति तक सेंसेक्स 83,250 और निफ्टी 25,000 के आंकड़े को पार कर सकता है। बता दें कि हाल ही में सेंसेक्स 71,434 पर बंद हुआ है। इस हिसाब से देखा जाए तो 2024 में सेंसेक्स करीब 12 हजार अंकों का उछाल हासिल कर सकता है। यह करीब 14.41 फीसदी का रिटर्न हुआ। इससे पहले 2 जनवरी, 2023 को सेंसेक्स 61,168 के स्तर पर बंद हुआ था। यानी शेयर बाजार से निवेशकों को इस साल 14 फीसदी से ज्यादा रिटर्न मिलने का अनुमान है।

- **दोनों ही दे रहे एफडी से दोगुना रिटर्न, फिर बेस्ट क्या**
- **शेयर और सोना दोनों पोर्टफोलियो में रखना फायदेमंद**
- **शेयर बाजार में करीब 10 हजार अंकों का उछाल दिखा**
- **बाजार ने अपने निवेशकों को 16 फीसदी का रिटर्न दिया**
- **गोल्ड में पैसे लगाने वाले को 15 फीसदी का रिटर्न मिला**

### सोने पर क्यों लगाएं दांव

एक जानी मानी कमोडिटी फर्म का कहना है कि ग्लोबल मार्केट में जिस तरह के हालात चल रहे हैं और महंगाई ने पूरी दुनिया पर दबाव बना रखा है तो 2024 में भी गोल्ड की कीमतों में तेज उछाल का अनुमान है। उन्होंने कहा कि गोल्ड ने 2023 को 63,203 रुपये के स्तर पर क्लोज किया और अपने निवेशकों को 14.88 फीसदी का जबरदस्त रिटर्न दिया। 3 जनवरी, 2024 को 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव 63,344 रुपये रहा, जो साल के आखिर तक 72 हजार रुपये तक जा सकता है। इस लिहाज से एक तोला सोना खरीदने वाले को प्रति 10 ग्राम करीब 9 हजार रुपये का फायदा होगा। इसका मतलब है कि गोल्ड पर इस साल 15.2 फीसदी का रिटर्न मिलने का अनुमान है। इसलिए निवेशक गोल्ड में भी पैसा लगाकर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। वैसे भी गोल्ड को निवेश का सबसे अच्छा विकल्प माना जाता रहा है। ऐसे में गोल्ड पर पैसा लगाना काफी लाभकारी साबित हो सकता है।

### फिर दोनों में बेस्ट कौन

आंकड़ों से स्पष्ट है कि न शेयर बाजार और सोना दोनों ही दहाई अंकों में रिटर्न दे रहे हैं। दोनों का ही अनुमान लगभग एक जैसा है। ऐसे में निवेशकों को दोनों ही विकल्पों को अपने पोर्टफोलियो में रखना चाहिए। जो निवेशक ज्यादा जोखिम उठाने की क्षमता रखते हैं, उन्हें ज्यादातर पैसे शेयर बाजार में लगाने चाहिएं। वहीं, कम जोखिम की क्षमता रखने वालों को सोने पर दांव लगाना चाहिए। सोने पर इसलिए भी ज्यादा भरोसा है, क्योंकि ग्लोबल मार्केट में चल रही उथल-पुथल को देखें तो सोने की मांग आगे और बढ़ने का अनुमान है। इसके अलावा महंगाई व बढ़ती ब्याज दरों की वजह से भी सोना हॉट कमोडिटी बना रहेगा।

# एक दो नहीं, बल्कि 5 तरह की होती हैं एसआईपी

बिजनेस डेस्क

बिजनेस डेस्क। शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि एसआईपी कितने प्रकार की होती है, एसआईपी के बार में सुना तो लगभग सभी ने होगा, लेकिन यह बात कम ही लोग जानते हैं कि एसआईपी भी कई तरह की होती है। बाजार के जानकारों का कहना है कि एसआईपी करीब पांच प्रकार की होती है। इसमें निवेश करना बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह आपको 10 से 30 फीसदी तक का रिटर्न देकर मालामाल करने में सक्षम होती है। जब कभी बात निवेश की आती है तो आपने अक्सर लोगों को ये सुझाव देते सुना होगा कि एसआईपी शुरू कर लो। एसआईपी यानी सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान। इसके तहत आप हर महीने एक तय रकम किसी म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। हालांकि, ये बात कम ही लोग जानते हैं कि एसआईपी भी कई तरह की होती है। आइए जानते हैं कितनी तरह की होती है एसआईपी और कैसे करती है काम।

### 1. रेगुलर एसआईपी

सबसे पहली है रेगुलर एसआईपी, जिसके तहत आप हर महीने एक तय रकम निवेश करते हैं। यह आप हर महीने, तिमाही या छमाही आधार पर कर सकते हैं। आपके पास ये विकल्प होता है कि आप तारीख खुद से चुन सकते हैं।

### 2. स्टेप-अप एसआईपी

इस एसआईपी के तहत आपको एक तय अवधि में एसआईपी को बढ़ाने की सुविधा मिलती है। जैसे सालाना आधार पर आप एसआईपी की रकम को बढ़ा सकते हैं। मान लीजिए कि आप हर महीने 10 हजार रुपये की एसआईपी करते हैं, तो इसके तहत आप उसे हर साल 10 फीसदी या 5 फीसदी जो भी आप चाहे उस दर से बढ़ा सकते हैं. इसके तहत आपका निवेश ऑटोमेटिक तरीके से बढ़ता चला जाता है।

क्षमता के हिसाब से निवेश कर कमा सकते हैं अच्छा पैसा

एसआईपी 10 से 30 फीसदी तक का रिटर्न देने में सक्षम

सालाना आधार पर एसआईपी की रकम को बढ़ाते जाएं



### 3. फ्लेक्सिबल एसआईपी

इसके बाद नंबर आता है फ्लेक्सिबल एसआईपी का, जिसके तहत आप अपनी एसआईपी में कुछ बदलाव कर सकते हैं। उदाहरण के लिए आप एसआईपी की रकम बढ़ा सकते हैं या घटा सकते हैं। हालांकि, अगर आप ऐसा कुछ करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको अपने फंड हाउस को एसआईपी कटने की तारीख से करीब हफ्ते भर पहले बताना होगा।

### 4. ट्रिगर एसआईपी

यह सबसे दिलचस्प एसआईपी है। इसमें आप पैसे, समय और वैल्युएशन के आधार पर तय कर सकते हैं कि कब एसआईपी ट्रिगर होगी। आप इसके लिए पहले से ही कंडीशन लगा सकते हैं। जैसे अगर कीमत के आधार पर बात करें तो आप कंडीशन लगा सकते हैं कि जब एनएवी 1000 रुपये से अधिक हो जाए तो ट्रिगर एसआईपी शुरू हो जाए। वहीं, आप ये भी तय कर सकते हैं कि अगर एनएवी 1000 रुपये से कम हो जाए तो आपके कुछ अतिरिक्त पैसे एसआईपी में लगने लगें। इसी तरह से समय और वैल्युएशन के आधार पर भी ट्रिगर एसआईपी को प्लान किया जा सकता है।

### 5. इंश्योरेंस के साथ एसआईपी

ये वह एसआईपी होती है, जिस पर आपको टर्म इंश्योरेंस कवर भी मिलता है। अलग-अलग फंड हाउस में यह अलग-अलग तरीके से हो सकती है। कुछ इसके तहत पहली एसआईपी के अमाउंट का 10 गुना तक इंश्योरेंस कवर देते हैं, जो बाद में बढ़ता जाता है। यह फीचर सिर्फ इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में मिलता है और इस पर एक कैपिंग होती है, जैसे 50 लाख रुपये।

### इन्वेस्टमेंट जल्दी शुरू करें

जल्दी इन्वेस्टमेंट से मतलब है, कम उम्र में निवेश शुरू कर देना। ऐसा करके आप एसआईपी में ज्यादा टाइम तक इन्वेस्ट कर रिटर्न के रूप में बड़ा अमाउंट पा सकते हैं। एसआईपी में जितना दिन आपका इन्वेस्टमेंट रहेगा, आपको उतनी ही ज्यादा कंपाउंडेड रिटर्न मिलेगा। इसलिए 20 से 30 साल की उम्र के बीच इन्वेस्टमेंट शुरू कर दें।

### रेगुलर इन्वेस्टमेंट करें

रेगुलर इन्वेस्टमेंट से एक फाइनेंशियल डिसिप्लिन मेंटेन होता है। इसका एक और फायदा है-अगर आप रेगुलर इन्वेस्टमेंट करते हैं, तो कई बार औसत लागत से ज्यादा फायदा मिल जाता है। इसका मतलब यह है कि अगर कीमतें कम होती हैं, तो आप ज्यादा यूनिट खरीदते हैं और जब कीमतें ज्यादा होती हैं तो आप कम यूनिट खरीदते हैं। इस तरह के एसआईपी करने से शेयर बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का जोखिम कम हो जाता है।

### सही फंड का चयन करें

म्यूचुअल फंड से बेहतर रिटर्न के लिए सही फंड चुनना काफी जरूरी है। वैसे म्यूचुअल फंड का चयन करें जो आपके फाइनेंशियल गोल के हिसाब से हों। इसके अलावा मार्केट के रिस्क और फंड की ग्रोथ के अनुमान को देख कर ही उसका चयन करें।

### पोर्टफोलियो को डायवर्सिफाई करें

पोर्टफोलियो को डाइवर्स रखने से आप मार्केट के रिस्क से भी बच जाते हैं और रिटर्न भी बेहतर मिलने की संभावना बढ़ा जाती है। इसलिए इक्विटी, डेट, गोल्ड, रियल एस्टेट और दूसरे फंड में इन्वेस्ट करने की सोचें। इससे एक के प्रॉफिट से दूसरे के नुकसान की भरपाई हो जाती है।

### समय के साथ अमाउंट बढ़ाएं

जैसे-जैसे आपकी इनकम बढ़ती जाती है, आप अपने इन्वेस्टमेंट के अमाउंट को भी बढ़ाएं। वेल्थ बढ़ाने का यह एक बेहतर तरीका है। इसलिए आप धीरे-धीरे एसआईपी के अमाउंट को बढ़ाकर बढ़ी हुई इनकम का लाभ ले सकते हैं।

# म्यूचुअल फंड्स से अलग हैं आर्बिट्राज फंड

**ये फंड दे जाते हैं कम रिस्क में स्टेबल रिटर्न, टैक्स के लिहाज से बेहतर हैं आर्बिट्राज फंड**

***किन लोगों को करना चाहिए इनमें इनवेस्ट, म्यूचुअल, आर्बिट्राज फंड, कम रिस्क में बेहतर रिटर्न की गारंटी***



बिजनेस डेस्क

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को आमतौर पर यही सलाह दी जाती है कि किसी फंड में पैसे लगाने के बाद धैर्य के साथ सही समय का इंतजार करें और उसे बेचने का फैसला तभी करें, जब आपके निवेश की वैल्यू पर्याप्त रूप से बढ़ जाए। लेकिन इनवेस्टमेंट का एक तरीका ऐसा भी है, जिसमें फंड मैनेजर इक्विटी में निवेश तभी करता है, जब उसे मुनाफा सामने नजर आ रहा हो। सही मौका मिलते ही वह एक हाथ से निवेश करता है और दूसरे हाथ से बेचकर प्रॉफिट बुक कर लेता है। बाकी तमाम एसेट्स की तुलना में बिलकुल अलग ढंग से काम करने वाले इस फंड का नाम है आर्बिट्राज म्यूचुअल फंड। निवेश की बिलकुल अलग स्ट्रैटजी के कारण इसे इक्विटी में निवेश का सबसे कम जोखिम वाला तरीका भी कहा जा सकता है।

इक्विटी इनवेस्टमेंट के मामले में आर्बिट्राज का मतलब है, किसी एक शेयर की एक समय में दो अलग-अलग बाजारों या एक्सचेंज में दो अलग-अलग कीमतों के बीच मौजूद अंतर का फायदा उठाकर उसकी खरीद-बिक्री करना। मिसाल के तौर पर अगर एक शेयर का दाम एक स्टॉक एक्सचेंज में ज्यादा और दूसरे एक्सचेंज में कम हो, तो उसे एक ही साथ सस्ते बाजार से खरीदकर महंगे बाजार में बेचा जा सकता है और इस तरह फौरन मुनाफा कमाया जा सकता है। इसी तरह स्पॉट मार्केट और फ्यूचर्स मार्केट यानी वायदा बाजार में एक ही शेयर की अलग-अलग कीमत का लाभ भी उठाया जा सकता है।

### आर्बिट्राज का फायदा

आर्बिट्राज के जरिए मुनाफा कमाने में दो दिक्कतें हैं- एक तो इसके लिए काफी हुनर और वक्त चाहिए, क्योंकि आपको एक साथ लगातार कई बाजारों और शेयरों पर नजर रखकर आर्बिट्राज के मौके तलाशने पड़ते हैं। दूसरी दिक्कत यह है कि दो बाजारों के बीच शेयरों की कीमतों में अंतर आम तौर पर काफी कम होता है। लिहाजा पर्याप्त मुनाफा कमाने के लिए बार-बार बड़े वॉल्यूम वाली डील करना जरूरी है। किसी आम निवेशक के लिए निजी तौर पर ऐसा करना मुश्किल है। लेकिन आर्बिट्राज फंड में निवेश करके इस स्ट्रैटजी का लाभ लिया जा सकता है।

### मौके तलाशते हैं फंड मैनेजर

फंड मैनेजर और उनकी टीम लगातार आर्बिट्राज के मौके तलाशते रहते हैं और बार-बार खरीद-बिक्री करके मुनाफा कमाते हैं। सबसे खास बात यह है कि आर्बिट्राज फंड का मैनेजर किसी इक्विटी में निवेश तभी करता है, जब उसे किसी और मार्केट में मुनाफा दिख रहा हो। लिहाजा, इसमें नुकसान का रिस्क बेहद कम हो जाता है। फंड मैनेजर्स को जब इक्विटी में मुनाफा नहीं दिखता तो वो फंड को शॉर्ट टर्म मनी मार्केट या डेट इंस्ट्रूमेंट्स में पार्क करके रखते हैं, ताकि उस पर कुछ न कुछ रिटर्न मिलता रहे।

### टैक्स बेनिफिट

आर्बिट्राज फंड दरअसल हाइब्रिड फंड हैं, जिन्हें टैक्सेशन के लिहाज से इक्विटी फंड की कैटेगरी में रखा जाता है। यानी अगर इसमें किए गए निवेश को 1 साल तक होल्ड करने के बाद निकाला जाए, तो उस पर 1 वित्त वर्ष के दौरान हुए 1 लाख रुपये तक के मुनाफे पर कोई टैक्स नहीं लगता। इससे ज्यादा मुनाफा होने पर 10 फीसदी की दर से लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स लगता है। 1 साल से पहले निवेश निकालने पर होने वाले प्रॉफिट पर 15 फीसदी की दर से शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स देना पड़ता है।

### पिछले 1 साल में 8% तक रिटर्न

आर्बिट्राज फंड में निवेश पर जोखिम तो बहुत कम होता है, क्योंकि फंड मैनेजर प्रॉफिट दिखने पर एक बाजार से स्टॉक खरीदकर उसे दूसरे बाजार में बेच देता है, लेकिन ऐसे मौके ज्यादा नहीं मिलते और दो बाजारों में कीमतों का अंतर भी बहुत कम होता है। इसलिए इनमें मिलने वाला रिटर्न भी औसत ही रहता है। पिछले 1 साल में देश के कुछ टॉप आर्बिट्राज फंड ने लगभग 8 फीसदी तक सालाना रिटर्न दिया है। टैक्स बेनिफिट को जोड़ दें तो यह रिटर्न और भी बेहतर नजर आएगा। हालांकि इसे भविष्य के रिटर्न की गारंटी नहीं माना जा सकता।



### किसे करना चाहिए निवेश

आर्बिट्राज फंड में निवेश का रिस्क प्रोफाइल डेट फंड की तरह होता है। यही वजह है कि कई आर्बिट्राज फंड बेंचमार्क के तौर पर लिक्विड फंड इंडेक्स का इस्तेमाल करते हैं। आर्बिट्राज फंड उन निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प हैं जो इक्विटी में निवेश करना चाहते हैं, लेकिन जोखिम नहीं उठाना चाहते। उतार-चढ़ाव वाले बाजार में, जोखिम से परहेज करने वाले कई निवेशक अपना पैसा आर्बिट्राज फंड में रखकर औसत रिटर्न ले सकते हैं। अगर आप ऊंचे टैक्स ब्रैकेट में आते हैं, तो टैक्स बचत के लिहाज से आर्बिट्राज फंड में निवेश करना आपके लिए अच्छा विकल्प हो सकता है। पिछले बजट में डेट फंड पर टैक्स बेनिफिट खत्म किए जाने के बाद तो यह और भी आकर्षक ऑप्शन हो गया है। कुछ जानकार यह सलाह भी देते हैं अगर आप अपने सेविंग अकाउंट में ज्यादा पैसे रखते हैं, तो उसका कुछ हिस्सा आर्बिट्राज फंड में लगा सकते हैं।

10 korba-Bhoomi pg3_Layout 1 1/11/2024 12:15 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### पटवारी के रवैये से परेशान ग्रामीण किसानों ने कलेक्टर से की शिकायत

**चैतमा।** चैतमा अंतर्गत हल्का नम्बर 25 में पदस्थ पटवारी मंजीत लकड़ा के रवैये से परेशान ठाड़पखना, डोड़की एवं सगुना के किसानों ने कलेक्टर से लिखित शिकायत जनदर्शन में किये हैं। ग्रामीण जयपाल सिंह, ईश्वर सिंह, भैयाराम, शिवकुमार, समेलाल, सरजू सिंह सहित एक दर्जन से अधिक किसानों द्वारा हस्ताक्षरयुक्त शिकायत में उल्लेख किया है कि पटवारी मंजीत लकड़ा के उदासीन रवैया से किसानों को बहुत परेशानी हो रही है। पटवारी अपने कार्यालय में लगातार अनुपस्थित रहते हैं, कभी कभार ही भेंट हो पाती है। इस पर भी गोलमोल जवाब देकर कार्य के प्रति लापरवाही बरती जाती है। पट्टा वितरण में भी मनमानी की गई है। जिससे लाभार्थी किसानों को पट्टा प्राप्त नहीं हो पाया है। किसानों द्वारा उचित कार्यवाही किये जाने की मांग कलेक्टर से की गई है।

### हर द्वार पहुंच रहा अयोध्या में पूजित अक्षत



**कोरबा।** अयोध्या में श्रीराम भगवान का मंदिर पुरी भव्यता के साथ तैयार हो रहा है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कई अनुष्ठान किए जा रहे हैं। वही मंदिर दर्शन के लिए सनातन धर्मावलंबियों तक अयोध्या में पूजित अक्षत और चित्र व पत्रक भिजवाए जा रहे हैं। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में इस कार्य को संपादित करने सभी लगे हुए हैं। शहरी सहित जिले के 720 गांव की रचना के साथ गृह संपर्क अभियान व अयोध्या में अक्षत के साथ धर्मावलंबियों को राम मंदिर दर्शन का न्योता दिया जा रहा है। उन्हें राम मंदिर के चित्र और पत्रक भी दिए जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत जिले में सभी परिवारों को यह न्योता दिया जाना है। संगठन की अपनी व्यवस्था के अंतर्गत जिले के 13 प्रखंड 77 खंड और मंडल समेत 720 गांव तक अभियान क्रियान्वित होगा। 15 जनवरी तक इसे अंतिम रूप से पूरा कर लिया जाना है।

### आर्यन पब्लिक स्कूल में आनंद मेला



**कुसमुण्डा।** ग्रामीण अंचल में आधुनिक संस्कार युक्त शिक्षा प्रदत्त करने को कृत संकल्पित आर्यन पब्लिक स्कूल, गेवरा बस्ती में नन्हे मुन्हे बच्चों के द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने स्वयं के द्वारा बनाए गए अनेक व्यंजनों की स्टाल लगाई। टोकन के माध्यम से इन व्यंजनों को पालकों एवं अन्य आगंतुकों को उपलब्ध कराया गया। सर्वप्रथम संस्था की प्राचार्य श्रीमती अतोषी बनर्जी ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था की प्राचार्य ने इस विषय में बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के सर्वांगीण विकास का मौका मिलता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं श्रीमती रेणु चक्रवर्ती, श्रीमती नम्रता नाथ, मंजू कंवर, पूजा महंत, अल्पा सोनी और सनोबर सिद्दीकी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही स्कूल के विद्यार्थियों के अभिभावकों का भी इस आयोजन आनंद मेला में बच्चों के माता-पिता के साथ काफी लोगों ने आनंद मेला का आयोजन का भरपूर मजा लिया साथ ही आयोजन का अभिभावक द्वारा किए गए आनंद मेला का आयोजन के लिए स्कूल के प्राचार्यअसोती बनर्जी के साथ शिक्षकों को अभिवादन किया गया।

### जनसमस्याओं को लेकर भाकपा ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा प्रदेश एवं जिला की जन समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए। मुख्यमंत्री, जिलाधीश एवं निगम आयुक्त को अलग-अलग ज्ञापन सौंपा गया। मुख्यमंत्री को दिए ज्ञापन में मुख्य रुप से नगर निगम के सफाई कर्मी, कचरा उठाने वाले को न्यूनतम मजदूरी एवं सामाजिक सुरक्षा तत्काल दिया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका आशा कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। छत्तीसगढ़ राज्य के उद्योगों में आउटसोर्स बंद किया जाए एवं उसमें लगे ठेका कर्मचारियों को नियमित किया जाए।

### युवक की नदी में डूबने से हुई मौत

**कोरबा।** अहिरन नदी में नहाने गए एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। बांकीमोंगरा सुराकछार बस्ती निवासी दरस राम यादव उम्र तकरीबन 45 वर्ष बुधवार की दोपहर बल्गी मोड के पास नहाने गया हुआ था। अपने कपड़ों को उतार कर वह नदी में नहाने उतरा, जैसे ही उसने नदी में डूबकी लगाई वह वापस ऊपर नहीं आया। आसपास नहा रहे अन्य लोगों ने उसके ऊपर नहीं आने पर खोजबीन शुरू कर दी और मिलने पर तत्काल उसे नदी से बाहर निकाला,तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

#### लोकसभा प्रभारी ने युकांईयों की ली बैठक

# लोकसभा में विजय पताका फहराने कमर कस लें युवा : चंदन राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा में आगामी चुनाव में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन के लिए कार्यकर्ताओं की युवा कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी चंदन राय ने बैठक ली। इस दौरान श्री राय ने कहा कि युवा कांग्रेस के जांबाज सिपाही कोरबा लोकसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर आमजनों से कांग्रेस की योजनाओं को बताएंगे और अगले छह माह के रह गए वक्त में इस लोकसभा में कांग्रेस को मजबूत कर चुनाव में ध्वज पताका फहराएंगे।



बैठक में उपस्थित कांग्रेसी।

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस संगठन अभी से तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में युवा कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी चंदन राय ने युवा कांग्रेस संगठन की एक बैठक ली। बैठक में प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चंदन राय ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा फरवरी माह में छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रवेश करेगी। इस यात्रा की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है, जिसे हम सबको सफल बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन के लिए अभी से कमर कस ले। युवा कांग्रेस के जांबाज सिपाही कोरबा लोकसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर आमजनों से कांग्रेस की योजनाओं को बताने का काम करेंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सचिव विकास सिंह ने युवा कांग्रेस के जिला पदाधिकारी वार्ड एवं बूथ कमेटी के पदाधिकारियों को आगामी चुनाव के लिए तैयार रहने का आग्रह करते हुए कहा कि विधानसभा के चुनाव में कोरबा से हार के बाद हमें हतोत्साहित नहीं होना है बल्कि और अधिक जोश व जुनून से मेहनत करने की जरूरत है। हमसे कहां चूक हुई इस पर मंथन कर आगे के लिए सुधार करेंगे और आगे की तैयारी में जुट जायेंगे। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि लोकसभा चुनाव में वे हर संभव प्रयास करेंगे और कोई भी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटेंगे। जिला अध्यक्ष राकेश पंकज सहित अन्य पदाधिकारियो ने भी अपने-अपने सुझाव रखे।

## संकल्प महिला मंडल ने आयोजित किया आनंद मेला



आनंद मेला में उपस्थित महिला मंडल की सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संकल्प महिला मंडल द्वारा रविन्द्र सांस्कृतिक भवन में आनंद मेला आयोजित किया गया। एसके कटियार प्रबंध निदेशक सीएसपीजीसीएल एवं श्रीमती प्रभा कटियार प्रथम महिला सीएसपीजीसीएल के मुख्य आतिथ्य एवं संजय शर्मा मुख्य अभियंता एचटीपीएस के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। आनंद मेला में विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों एवं मनोरंजन से पूर्ण इस मेले का विशेष आकर्षण मां सर्वमंगला आदिवासी कन्या छात्रावास की कन्याओं द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न लोक नृत्य की सराहनीय प्रस्तुति रही। आकर्षक विद्युत रोशनी, गणेश आराधना एवं हसदेव जंगल सफारी सेल्फी पाईंट का सभी ने भरपूर आनंद लिया। सफल निर्देशन एवं नेतृत्व संकल्प महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती निहारिका शर्मा ने किया। सभी उपाध्यक्षा प्रियंका पाटले, रूकमणी सिंह, अभिलाषा गुप्ता, मिनती स्वैन, मनीषा पाण्डेय, कविता पंड्या का सहयोग रहा। संकल्प महिला मंडल की सचिव विजया शाह, सह सचिव सरिता राठौर, स्मिता करकरे, कोषाध्यक्ष नीता अग्रवाल, सांस्कृतिक सचिव अपर्णा सेलवकर, संगीता जैन, खेल सचिव तृष्णा कर्महे, शिवानी कंवर व सदस्यों की सहभागिता रही।

## विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय ग्राम्य भारती कालेज हरदीबाजार के छात्रों को भू वैज्ञानिक शैक्षणिक भ्रमण हेतु महादेव पर्वत के समीप स्थित रानी झरना तथा सतरेंगा झील का भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण, सहा. प्रध्यापक आदित्य सिंह बाघेल के नेतृत्व में विभाग के अन्य सभी सहा. प्रध्यापक तथा कर्मचारी की उपस्थित व सहयोग से सम्पन कराया गया। सहा प्रध्यापक आदित्य सिंह बाघेल ने छात्रों को क्षेत्र के स्तर विज्ञान, चट्टानों की लियोलाजी, बलुआ पत्थर तथा शेल में उपस्थित संरचनाओं को विस्तार में बताया तथा छात्रों को लोवर गोंडवाना ग्रुप के बराकर ग्रुप तथा अन्य ग्रुप का वर्णन कर क्षेत्र में पहचान कराई। इसके पश्चात सहा. प्रध्यापक लेख नारायण साहू ने छात्रों को बंटन कम्पास तथा क्लाइनोमीटर की सहायता से संस्तर की नति निकालना सिखाया। सहा. प्रध्यापक रुचि तिवारी ने छात्रों को जल प्रपात निर्माण के बारे में बताया। इसी तरह प्रध्यापक प्रकाश मिरी ने सतरेंगा झील का मानव जीवन में महत्व पर विस्तार से चर्चा कर इंजीनियरिंग संरचना बांध के लाभ बिदुओं पर प्रकाश डाला।

## संकल्प यात्रा शिविर में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व अन्य।

ग्राम मलगांव के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष कटघोरा श्रीमती लता कंवर रहे। श्री पटेल ने उपस्थित ग्रामवासीयों को संकल्प शिविर और केंद्र की सरकार गांव, गरीब सहित आम नागरिकों के लाभ के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है जिसे वे संकल्प यात्रा शिविर के माध्यम से आप सभी को उसे जानने को जागरूक कर रहे हैं जो भी वादे सरकार ने की है वे सभी पूरे होंगें। आयोजन में श्रीमती धनबाई कंवर, देव सिंह कंवर, राजेश यादव, बीओ आईपी कश्यप, विजय ठाकुर, श्रीमती चरण कुमार कंवर उपस्थित थे। इसी तरह ग्राम पंचायत मुड़ापार में शिविर का आयोजन किया गया था।

# कृष्ण रुखमणी विवाह की सजाई गई झांकियों को देख श्रोता हुए मंत्रमुग्ध



कथा के दौरान निकाली गई झांकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चिल्ड्रन पार्क रवि शंकर शुक्ल नगर में हो रहे श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठ दिवस श्रीधाम वृंदावन के भागवताचार्य श्रीहित ललित वल्लभ महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत पूजन करवाया तो इंद्र ने क्रोधित होकर ब्रज मंडल में मूसलाधार वर्षा करवाई, भगवान श्रीकृष्ण ने गिरिराज पर्वत उठाया और कहा आ जाओ गिरिराज की शरण में ऐसे ब्रज वासियों की रक्षा की। कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए महाराज ने बताया कि रास पंचाध्याई भागवत के पंच प्राण है। रास पंचाध्याई के पठन, श्रवण से सहज ही वृंदावन की भक्ति प्राप्त हो जाती है। रास के दो स्वरूप हैं नित्य और नैमित्तिक। नित्य रास वह है जो आज भी वृंदावन में चल रहा है। महारास कामलीला नहीं है बल्कि काम पर विजय प्राप्त करने वाली लीला है कृष्ण के दो स्वरूप, वह साकार है वह निराकार है साकार स्वरूप आज भी विद्यमान हैं। बृंदावनम परित्यज्य पदमेकम ना गच्छति, नित्य स्वरूप कृष्ण आज भी वृंदावन से नहीं जाते। महाराज ने बताया कि भगवान ने कुब्जा पर अनुग्रह, मामा कंस का वध किया। गोपी उद्धव संवाद की सुंदर व्याख्या की, अवंतिकापुरी में विद्या अध्ययन करते हुए चौसठ दिन में चौसठ विद्याओं को ग्रहण किया। गुरु दक्षिणा में गुरु पुत्र को लाकर गुरु माता को दिया जो की मृत्यु को प्राप्त हो चुका था। कंस वध के पश्चात द्वारिकापुरी का निर्माण कराया और द्वारिकाधीश कहलाए। द्वारका में भगवान ने रुक्मणी के साथ विवाह किया। विवाह में भगवान कृष्ण रुखमणी की झांकी सजाई गई भजन गीतों पर भक्त झूमने लगे।

### कृष्ण लीला के जीवंत झांकियों की लगी प्रदर्शनी



**कटघोरा।** युगल उपासक मण्डल कोरबा के तत्वाधान में तीन दिवसीय आयोजित कृष्ण लीला की जीवंत झांकियों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में सभी समर्पित भक्त वृन्द का मेल मिलाप हुआ। प्रथम दिवस 7 जनवरी को कृष्ण जन्म की लीला दृश्य दिखाया गया। 8 जनवरी को बाल लीलाओं में माखन चोरी दृश्य तीसरे दिवस कृष्ण राधा की सगाई, काली दहन के दृश्य का प्रदर्शन किया गया। युगल उपासक उत्सव मंडल की सखियों ने मंडल का विस्तार कर उत्साह से ठाकुर जी रास बिहारी सरकार का स्वागत किया। इस दौरान एक दूसरे को राधे राधे कहकर जयकारा करने लगे। वृंदावन से आए 20 कलाकारों ने जीवंत झांकियों सुंदर मनमोहक प्रदर्शन किया। जिसपर सभी ने खूब नृत्य किया। युगल उपासक मण्डल की संस्थापिका आशा रामवतार अग्रवाल के नेतृत्व एवं सभी जिले की सखियों द्वारा सम्पन्न हुआ।

## हसदेव अरण्य क्षेत्र के परसा कोल ब्लाक का ग्रामीणों ने जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव अरण्य क्षेत्र परसा कोल ब्लाक के विरोध में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेतृत्व में प्रभावित ग्रामीणों ने रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा है। शासन के विरोधी नीतियों व आदिवासियों को उजाड़ने का विरोध जताया गया।

**खास बात**

- गोंगपा के नेतृत्व में निकाली रैली

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि शासन व राजनेताओं की वजह से आज हसदेव अरण्य खतरे में है। कांग्रेस के लोग जब शासन में थे तब कहते थे कि 1 भी पेड़ कटने नहीं देंगे। आज भाजपा शासन में है तो पेड़ पूरी ताकत के साथ पेड़ काटने का कार्य हो रहा है। दोनो पार्टी एक दूसरे के ऊपर आरोप लगा रहे है। इसका मतलब दोनों ही जन विरोधी हैं। आदिवासी एवं मूलनिवासी जल जंगल के जीव-जन्तु का नाश हो रहा है। आज आदिवासी मूलनिवासी के कारण ही जीव जन्तु एवं जंगल सुरक्षित है। जंगल में रहने वालों की आजीविका जंगल पर ही आधारित है। जंगल से प्राप्त वन उपज वनों से प्राप्त होता है। उससे ही अपनी आजीविका चलाते हैं। शासन के द्वारा लगातार जन विरोधी कार्य किया जा रहा है। आम जन देशहित में जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए मिल जुल कर कार्य करने एवं शासन की जन विरोधीनीति का तत्काल हम सब मिलकर विरोध करतें हैं। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी शासन के जनविरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध करती है। तत्काल हसदेव अरण्य को सुरक्षित वन क्षेत्र घोषित करें।

### चारपारा व सोनईडीह में खड़े वाहनों को पुलिस ने किया जब्त

**जांजगीर-चांपा ।** जिले में बढ़ते वाहन दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए लापरवाही पूर्वक आम रोड में खड़े ट्रेलर व ट्रेक्टर वाहनो को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। वहीं वाहन चालकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 जनवरी को थाना बम्हनीडीह क्षेत्र के ग्राम चारपारा एवं सोनईडीह आम रोड में वाहन चालकों के द्वारा वाहन को लापरवाही पूर्वक खडे किये जाने से आने जाने वाले लोगो को परेशानी हो रही थी। जिसे वाहन को जप्त किया जाकर दोनो आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध थाना बम्हनीडीह में धारा 283 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। दोनो वाहन चालाको के विरुद्ध धारा 283 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर वाहन चालक के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। वाहन चालक महेंद्र पाण्डेय उम्र 38 साल निवासी बस स्टेंड के पास सीधी जिला सीधी (म.प्र.) एवं गिरधारी दिव्य उम्र 25 साल निवासी कारीभावर थाना जैजैपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसे जिसे न्यायालय में पेश किया जावेगा। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी बम्हनीडीह का सराहनीय योगदान रहा।

## बोईदा में गौरा गौरी का किया गया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



गौरा गौरी उत्सव का एक अलग महत्व है ग्राम बोईदा में इस उत्सव को आनंद के साथ मनाया जाता है। इस उत्सव में भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना और उनके विवाह की रस्म निभाई जाती है। जिसमें भक्त बड़ी संख्या में धूमधाम से बाराती बनकर माता पार्वती और शिव के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं। मंगलवार को मांदर की थाप के साथ भगवान शिव पार्वती के विवाह के अवसर पर बारात निकाली जिसमें कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल शामिल हुए। बुधवार की दोपहर गौरी गौरा विसर्जन यात्रा निकाली गई। जो गुड़ी चौक से होते हुए बड़े तालाब पहुंची, जहां विसर्जन किया गया। बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग बाजे गाजे की धुन पर थिरकते नजर आए। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, मंडल मंत्री सांई मन्नू राठौर, राजकुमार मरावी, बैगा भोजराम जगत, बलदेव जगत, उदय सिंह मरावी, ईश्वरी सिंह मरावी, दिलीप पटेल, अनिता मरावी, रमेशरी कंवर, दुर्गा, शिवकुमारी जगत सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### राख परिवहन...

लगातार मिल रही हैं। इससे पर्यावरण तो प्रभावित हो ही रहा है, परिवहनकर्ताओं की मनमानी के चलते आम लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों के लिए राखड़ बड़ी समस्या बनी हुई है। इस समस्या से मुक्ति दिलाने क्षेत्रीय पर्यावरण मंडल ने पहल की है। राखड़ परिवहन को लेकर ट्रांसपोटर्स की बैठक लेते हुए उन्हें नियमों के तहत परिवहन के निर्देश दिए गए हैं। खुले में राखड़ डंप व गाइड लाइन का पालन किए बगैर किए जा रहे परिवहन को लेकर क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी एक्शन मोड में है। ऐसे में लोगों में भी अब इस विकराल रूप ले चुकी समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जागी है। इस कड़ी में क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी ने राख परिवहन करने वाले परिवहनकर्ताओं की बैठक ली है। बैठक में निर्धारित स्थान पर राखड़ डंप करने कहा गया है। साथ ही राखड़ परिवहन करने वाली वाहनों में वर्क आर्डर चिपकाने निर्देशित किया गया है। यानि जिन वाहनों में राखड़ का परिवहन हो रहा है उनमें संबंधित वर्क आर्डर चस्पा होना चाहिए। गाइड लाइन का उल्लंघन करने वाले ऐसे ट्रांसपोटर्स के विरुद्ध सख्ती से पेश आते हुए कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

REQUIREMENT / VACANCY
1. SENIOR ACCOUNTANT - 1 POST
QUALIFICATION - Experienced of 3-4 Years In Accounting Tally, Book Keeping Along With Knowledge of Ms Office.
2. ACCOUNT ASSISTANT - 1 POST
QUALIFICATION - Knowledge of Tally And Accounts.
3. OFFICE ADMINISTRATIVE - 1 POST
ELIGIBILITY- Any Graduate or Post Graduate Having Experience of At Least 2-3 Year In Office Works.
Walk In Interview Of 14th Jan. Sunday
TIME
FROM 10:00 AM TO 12:00 PM
Address: Sarvamangala Construction Co. 106 Above Union Bank of India, Stadium Road Korba, Mo.- 8839594048

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

10 korba-Bhoomi pg4_Layout 1 1/10/2024 11:53 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री का कोरबा प्रवास 13 से



**कोरबा।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह 13 से 15 जनवरी तक जिले प्रवास पर रहेंगे। श्री सिंह का 13 जनवरी को कोरबा आगमन होगा। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंह 13 जनवरी को शाम 6 बजे से एनटीपीसी गेस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेंगे। वे 14 जनवरी को प्रातः 10 बजे मंदिर में स्वच्छता अभियान में, प्रातः 11 बजे ग्राम ढोंगदरहा विकासखंड कोरबा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में भाग लेंगे। दोपहर 2.15 बजे विकासखंड कटघोरा अंतर्गत ग्राम रंजना में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में शामिल होंगे। 15 जनवरी को केंद्रीय मंत्री श्री सिंह एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में प्रधानमंत्री जनमन योजना कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 1.30 बजे वे कार द्वारा कोरबा से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### एनएसएस शिविर में छात्रों को दी गई कानूनी जानकारी



**मड़वारानी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी द्वारा ग्राम रोगदा (नावापारा) में आयोजित विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तृतीय दिवस गोष्ठी कार्यक्रम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निमेश कुमार राठौर अधिवक्ता जिला एवं सत्र न्यायालय उपस्थित रहे। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी धरमलाल लहरे ने उनका एनएसएस बैज लगातर तथा पुष्प गुच्छों से स्वागत किया। श्री राठौर ने गोष्ठी कार्यक्रम में विभिन्न कानूनी विषयों पर छात्रों को जानकारी देते हुए मोटर वेहीवल एक्ट, पॉक्सो एक्ट, गुड टच बेड टच, कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन शोषण, घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, पत्नी तथा माता पिता के भरण पोषण पाने के अधिकार के बारे में विस्तार से समझाया। शिविर में नेशनल लोक अदालत के माध्यम से आपसी राजीनामा योग्य प्रकरणों में समझौता कर मामले के निपटारे के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के अंतिम में शिक्षक श्री भार्गव ने आभार प्रकट किया।

### जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल व फल



**मड़वारानी।** हायर सेकेण्डरी स्कूल पठियापाली में कार्यरत व्याख्याता जगन्नाथ हिमधर के पिता स्व केआर हिमधर के 32वीं पुण्यतिथि पर वृद्धजन व जरूरतमंद लोगों को कंबल व फल का वितरण किया गया। श्री हिमधर लगातार 30 वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करते आ रहे हैं। वे प्रतिवर्ष कंबल, वस्त्र वितरण, स्कूलों में आलमारी जैसे आवश्यक सामान, अस्पतालों में मरीजों को फल वितरण, क्रिकेट मैच करना, कबड्डी मैच कराना, अनाथ आश्रम में आवश्यक सामग्री देना, भोजन खिलाना, गरीबों को खाना खिलाना, बोर्ड परीक्षा में शाला में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभाओं का सम्मान करना आदि कार्य शामिल हैं। उनके इस कार्य को सम्पन्न कराने में उनकी धर्म पत्नी श्रीमती गीतादेवी हिमधर का सहयोग रहता है।

## जिला प्रशासन को दो पक्ष कर रहे शिकायत

# किसान और राइस मिलर के बीच परेशान हो रहे फड़ प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



खराब धान का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। राईस मिलर्स जहां जिला प्रशासन को लिखित रुप से कुछ समितियों से खराब धान मिलने की शिकायत कर रहे हैं तो वहीं फड़ प्रभारी पर किसान खराब धान लाने को लेकर उनका धान लेने से इनकार कर रहे हैं। किसान और राईस मिलर्स के इन आरोपों के बीच फड़ प्रभारी इस समय दोहरी मार झेल रहे हैं। एक तरफ उठाव से कहीं ज्यादा धान की आवक हो रही है, जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो रही है तो वहीं दूसरी ओर किसान और राईस मिलर्स प्रशासन को लिखित में शिकायत भी कर रहे हैं।

**खास बात**

- खराब धान को लेकर फड़ प्रभारी पर किसान और राईस मिलर्स लहा रहे आरोप

विपणन विभाग को ऐसी ही शिकायत जिले के एक राईस मिलर्स द्वारा लिखित रुप से की गई जिसमें उसके द्वारा कुछ समितियों का नाम लेकर शिकायत की गई है। जिसमें इन समितियों के फड़ प्रभारियों पर खराब धान दिए जाने का आरोप लगाया गया है। वहीं दूसरी ओर किसान फड़ प्रभारी पर यह आरोप लगा रहे हैं कि उनके द्वारा लाए गए धान को खराब बताकर वापस किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को तिलकेजा धान खरीदी केंद्र में सामने आया जहां किसानों ने फड़ प्रभारियों पर खराब धान के नाम पर उन्हें परेशान करने व धान नहीं लेने का आरोप लगाया है। इधर जिला प्रशासन ने धान खरीदी के मामले में निर्देश जारी किया है कि समितियों में आने वाले धान का भौतिक सत्यापन अधिकारी फड़ एवं किसानों के घर जाकर करें। इस निर्देश के बाद अधिकारी फड़ और किसानों के घर जाकर धान का भौतिक सत्यापन करेंगे। वहीं दूसरी ओर मिलर के मिल में मौजूद धान के संबंध में किसी तरह की जांच पड़ताल के कोई निर्देश नहीं है। इस व्यवस्था से फड़ प्रभारी किसान और राईस मिलर के बीच फंसकर परेशान हो रहे हैं। मिलर को अच्छा धान लेने के लिए उन पर दबाव है तो वहीं फड़ में धान लेकर पहुंचने वाले किसानों का धान खरीदने का दबाव है।

**फड़ प्रभारी ने प्रशासन से मांगी सुरक्षा**

आदिवासी सेवा सहकारी समिति तिलकेजा के उपार्जन केंद्र में किसानों के हंगामे धान नहीं खरीदने के आरोप में बड़ा खुलासा है।समिति प्रबंधक ने कलेक्टर को पत्र लिखकर हंगामा करने वाले व्यक्तियों को व्यापारी बताते हुए किसान पर 54 बोरी (21.6 क्विंटल) अमानक धान खरीदने का दबाव बनाने की बात कही है। उन्होंने किसानों से सांठगांठ कर धान खरीदी समिति प्रबंधक ने शांतिपूर्ण पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था हेतु सुरक्षा का प्रबंध करते हुए धान खरीदी तक 2 आरक्षक पदस्थ करने की मांग की है।

# सशक्त लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी : कलेक्टर




कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जिले में संचालित है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत बसंत की उपस्थिति में बुधवार रको ईव्हीपीजी महाविद्यालय में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में नवीन मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम दर्ज किए जाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने युवा मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि लोकतंत्र के निर्माण में अधिक से अधिक मतदान का होना आवश्यक है। इसलिए मतदाता बनने के पश्चात मतदान दिवस को अपना बहुमूल्य वोट अवश्य डालना चाहिए।

शिविर में कलेक्टर द्वारा महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं विशेष कर नव प्रवेशित प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि 6 से 22 जनवरी तक जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित छात्र-छात्राओं को अपना नाम सूची में दर्ज कराने की अपील की। महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं कलेक्टर को अपने बीच पाकर काफी उत्साहित थे। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने एवं आगामी निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने का शपथ लिया। साथ ही यह भी विश्वास दिलाया कि वे अपने साथ-साथ अपने परिवार व आस-पास के लोगों को निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान हेतु प्रेरित करेंगे।

# स्वामी रामदेव के शिष्य परमार्थ देव जिले में सिखाएंगे योग




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

योग शिविर के लिए बाबा रामदेव के शिष्य परमार्थ देव का आगमन 14 जनवरी को कोरबा हो रहा है। 15 जनवरी से जैन मंदिर भवन में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां पंतजली योग शिविर के द्वारा की जा रही है। जिसके संबंध में विस्तृत जानकारी प्रेसवार्ता में आयोजकों द्वारा दी गई।

समिति के संरक्षक डॉ नागेंद्र शर्मा ने बताया कि स्वामी परमार्थ देव के सान्निध्य में ऊर्जा नगरी की पावन धरा पर 15 जनवरी को प्रातः 6 बजे से 7.30 बजे तक योग शिविर का आयोजन जैन मंदिर बुधवारी बाजार में किया जाएगा। योग के माध्यम से लोगों को आरोग्य का प्रशिक्षण देकर स्वस्थ, समर्थ, स्वावलंबी भारत का निर्माण करने हेतु लोगों के भीतर जागरूकता का संचार करेंगे। सुबह 9.30 बजे से 12 बजे तक कार्यकर्ताओं का संभाग स्तरीय विशेष सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें कार्यकर्ताओं में नव चेतना भरकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु सनातन धर्म के प्रति जागरूकता लाकर राष्ट्र सेवा की भावना को बल प्रदान किया जाएगा। पत्रकारवार्ता के दौरान पतंजलि योग समिति जिला के संरक्षक डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा, पंतजलि योग समिति के जिला प्रभारी एवं हवन यज्ञ के राज्य प्रभारी रामेश्वर पांडेय, पतंजलि युवा भारत प्रदेश के राज्य संवाद प्रभारी संजय कूर्मवंशी व महिला पदाधिकारी श्रीमती वृंदा चौहान व श्रीमती इंद्राणी पांडेय उपस्थित रहे।

# शराब पीकर स्कूल आने वाले प्राचार्य बीईओ कार्यालय अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम सिर्री में संचालित हाई स्कूल के प्राचार्य के शराब पीकर स्कूल पहुंचने का मामला सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए प्राचार्य को बीईओ कार्यालय में अटैच करने की कार्यवाही की है। वहीं निलंबन के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

**खास बातें**

- जिला शिक्षा अधिकारी ने मामला सामने आने के बाद की कार्रवाई
- निलंबन के लिए प्रशासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव



प्राचार्य

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के सिर्री हाई स्कूल में पदस्थ प्राचार्य अनिल कुमार नशे में धुत्त होकर स्कूल पहुंचे जिससे स्कूल के शिक्षक और छात्र परेशान हो गए। इसकी जानकारी जैसे ही स्कूल के छात्रों के द्वारा अपने अभिभावकों को दी गई तो उनके द्वारा गांव की सरपंच रोहिणी बाई को स्कूल लेकर गए और प्राचार्य को उनके इस हरकत के लिए जमकर खरी खोटी सुनाई और इसकी जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी को देते हुए कार्यवाही की मांग की। जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज को जब अपने विभागीय अधिकारियों से इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने बुधवार को उक्त प्राचार्य के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उसे बीईओ कार्यालय पोड़ी उपरोड़ा अटैच किया है। बताया जाता है कि इसके पूर्व उक्त प्राचार्य कर्री हाईस्कूल में पदस्थ थे जहां उनके खिलाफ शिक्षकों ने शिकायत की थी। जिसपर संज्ञान लेते हुए प्राचार्य को सिर्री हाईस्कूल ट्रांसफर किया गया था वहां भी वह अपनी हरकत से बाज नहीं आया। इसके पूर्व भी शिक्षकों के शराब पीकर आने के मामले सामने आ चुके हैं जिसपर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निलंबन की कार्यवाही की गई है। हाल ही में एक आश्रम शाला के प्राचार्य के खिलाफ छात्राओं ने आरोप लगाया था जिसपर जिला शिक्षा अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए निलंबन करने के साथ ही एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

**अटैच किया गया है**

प्राचार्य के शराब पीकर स्कूल आने की शिकायत मिलने पर प्राचार्य के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उसे बीईओ दफ्तर अटैच किया जा रहा है। प्राचार्य को निलंबित करने का अधिकार शासन को है। इसलिए निलंबन का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जा रहा है।

**-जीपी भारद्वाज,** जिला शिक्षा अधिकारी

# डॉक्टर बने भगवान, बचाई 4 साल के मासूम की जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में 4 साल की बच्चे की जान डॉक्टर ने भगवान बन कर बचाई बच्चे ने खेल खेल में हाथ घड़ी के सेल को अपने हाथों से नाक में घुसा लिया सांस लेने में तकलीफ होने पर बच्चे के माता पिता उसे लेकर स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय पहुंचे जहां ई.एन.टी सर्जन डॉ हरवंश ने बच्चे की जांच की और पाया कि जो बैटरी बच्चे लक्की ने खेल खेल में नाक के अंदर डाला था वो धीरे धीरे गलना शुरू हो गया था जो कुछ दिन और विलंब होने से ज्यादा गल कर शरीर के और अंग को नुकसान पहुंचा सकता था जिसे सही समय पर उपचार मिलने की वजह से आज बच्चे को नई जिंदगी मिली है डॉक्टर हरवंश सिंह ने एंडोस्कोपी ऑपरेशन की मदद से बैटरी को बाहर निकाला बैटरी के बाहर निकलने के बाद अभी बच्चे की हालत सामान्य है और खतरे से बाहर है। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट गोपाल कंवर ने बताया कि यह जटिल ऑपरेशन था लेकिन अभी बच्चे की हालत में सुधार है और जल्द स्वस्थ हो जाएगा, माता पिता को रखना होगा ध्यान की बच्चों के आस पास ऐसे छोटे छोटे समान न रखे और न ऐसे किसी समान से खेलने दे।

# रामपुर से अयोध्या के लिए साइकिल पर निकले दिलेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है, ऐसे में श्रीराम भक्तों में उत्साह के साथ उनके हौसले भी दिखाई दे रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर का कपाट भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा। ऐसे में इस ऐतिहासिक दृश्य का साक्षी बनने के लिए देश-विदेश के कई लोग अयोध्या की ओर अभी से ही रूख करने लगे हैं।

करतला विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत व विधानसभा रामपुर के 20 वर्षीय दिलेश्वर पटेल अपनी जन्मभूमि रामपुर से साइकिल पर रामनाम की अलख जगाते हुए 10 जनवरी की सुबह 9 बजे से निकल चुके हैं। वे करीब 12 दिन का सफर तय कर श्री राम जन्मभूमि अयोध्या पहुंचेंगे और 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे। दिलेश्वर ने बताया कि राम मंदिर निर्माण की आस लगाए बैठे थे। यह आस उनकी जल्द ही पूरी होगी। कई लोग ट्रेन से जा रहे हैं लेकिन मैंने साइकिल से यह यात्रा पूरी करने की ठानी है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम जी मेरे दिल में बसे हुए हैं, दिल के सहारे उनके मंदिर तक मैं पहुंच जाऊंगा। प्रभु श्री राम का बुलावा आ गया है इसलिए अब मुझे हर हाल में अयोध्या जाना है। भगवान श्रीराम अपने मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक दृश्य को देखना हर हिंदू का एक सपना है। इसीलिए मैं अपने घर से अयोध्या साइकिल से जा रहा हूं।




सायकल से अयोध्या जाता युवक।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत भूविस्थापित ग्राम सोनपुरी निवासी सुखवार सिंह की मंगलवार की रात सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक सुखवार सिंह गांव के ही अपने एक साथी प्रकाश धनवार के साथ मोटर सायकल से कटघोरा गए हुआ था। देर रात वापस घर आने के दौरान बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 नंबर खदान के पास मोड में उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे वे बाइक सहित सड़क किनारे खेत में जा गिरे, स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। डायल 112 की मदद से दोनों घायलों को एसईसीएल विभागीय अस्पताल ले जाया गया जहां जांच उपरांत डॉक्टरों ने सुखवार सिंह को मृत घोषित कर दिया। बांकीमोंगरा पुलिस मामले में मर्ग कायम कर लिया है।




# बालको के शीतकालीन शिविर से सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता को मिला बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने अपने परियोजना कनेक्ट के तहत 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए शीतकालीन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विज्ञान, अंग्रेजी, गणित और लेखा (सेमा) विषयों के सत्र पर केंद्रित था जिसका उद्देश्य छात्रों को दैनिक अभ्यास के माध्यम से उन्हें आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी और भविष्य में करियर चुनाव के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम में कुल 140 छात्रों ने पंजीकृत किया था। कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए विशेषज्ञों द्वारा करियर परामर्श सत्र भी आयोजित किया गया। जिससे छात्रों को करियर के विभिन्न क्षेत्रों और उनके महत्व के विषय को जानने में मदद मिली। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में बताया गया जिसके माध्यम से भविष्य में उन्हें करियर चुनने के विकल्प में मदद मिल सके। शिविर के माध्यम से छात्रों के भीतर संगठनात्मक और टीम बिल्डिंग कौशल को बढ़ावा दिया गया जो यह सुनिश्चित करती हैं कि वे टीम के वातावरण में बेहतर ढंग से कार्य करें। इसके साथ-साथ अग्नि सुरक्षा कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। इसमें छात्रों को आग की आपात स्थिति के मामले में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने के लिए जागरूक किया गया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि समावेशी और समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमारे सामुदायिक विकास प्रयासों में प्रमुख स्तंभ है। वर्ष 2016 में शुरू किए गए परियोजना कनेक्ट के अंतर्गत नियमित कक्षाएं आयोजित कर, ड्रॉपआउट छात्रों को पढ़ाने और ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन शिविर के माध्यम से सामुदायिक क्षेत्र में शिक्षा को नईं उचांईयों पर पहुंचा रहा है। छह सरकारी स्कूलों में परियोजना के माध्यम से सेमा विषयों पर नियमित कक्षाओं से 2500 से अधिक छात्र लाभान्वित हुए हैं।



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व बच्चे।




